मेट्रो -3 के अंतर्गत भूमिगत मार्ग का ५० % काम पूरा

मुंबई , कोलाबा -सीप्ज मेट्रो -३ परियोजना पूरी तरह से भूमिगत मार्ग पर आधारित होगी। इस मार्ग का ५० प्रतिशत (२८ किमी) काम पूरा हो गया है। कुल १९ महीने और १३ चरणों में उक्त काम पूरा हुआ है। बाकी ५० प्रतिशत काम १९ चरणों में पूरा किये जाने की जानकारी अधिकारी ने दी है। भूमिगत मार्ग के लिए कुल १७ टीबीएम यंत्र और १९ ४९५ सेगमेंट रिंग का इस्तेमाल किया गया। टीबीएम यंत्र को जमीन के अंदर उतारने के लिए कुल १२ स्थानों पर लांचिंग शॉफ्ट बनाया गया था। इस बारे में मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की निदेशक अश्विनी भिड़े ने बताया कि पुरानी इमारतों के होने ,मीठी नदी के कारण और मेट्रो -१ के नीचे से खुदाई करके मार्ग तैयार करना काफी चुनौतीपूर्ण काम है। सुरक्षा में किसी तरह की कोताही न बरतते हुए हमने काम पूरा किया। परियोजना के सलाहकार ,ठेकेदार और मजदूरों की मेहनत के कारण कार्य सफल हुआ। उन्होंने बताया कि भूमिगत मार्ग के निर्माण के साथ अन्य काम भी साथ-साथ हो रहे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा वार रूम से कार्य का निरीक्षण और सभी मुंबईकरों के सहयोग से समय पर कार्य पूरा किया जा सका है। वहीं मुंबई मेट्रो रेल कार्पोरेशन के परियोजना निदेशक एस.के गुप्ता ने बताया कि फ़िलहाल पूरा हुए भूमिगत मार्ग के लिए १९४९५ सेगमेण्ट रिंग इस्तेमाल किया गया है। यह सेगमेंट रिंग मुंबई के ६ कास्टिंग यार्ड में बनाए जा रहे हैं। बाकी ५० प्रतिशत भूमिगत मार्ग का काम १९ चरणों में पूरा होगा।